एक नजर में

खेल संगठनों ने कैबिनेट मंत्री काश्यप का स्वागत कर जताया आभार

रतलाम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गत दिवस आयोजित कॉन्क्लेव में रतलाम में खेल मैदानों के लिए की गई घोषणा से खेल संगठन एवं खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है। उक्त घोषणा पर खेल संगठनों ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय का स्वागत कर उनके एवं मुख्यमंत्रीजी के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने रतलाम में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के लिए 12 .5 करोड़ एवं स्टेडियम के लिए 5 करोड़ की घोषणा की है। उक्त राशि से स्टेडियम के साथ खेल मैदान को और बेहतर बनाया जाएगा, जिससे कि खेल एवं खिलाड़ियों को पर्याप्त सुविधा मिल सकेगी। शहर में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के लिए मंत्री श्री काश्यप लंबे समय से प्रयासरत थे और इसके लिए भूमि भी चिन्हित कर मुख्यमंत्रीजी को इसके निर्माण एवं स्टेडियम एवं मैदान को और बेहतर करने के संबंध में अवगत कराया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने रतलाम में आयोजित राइस कॉन्क्लेव में यह घोषणा भी की। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया, सचिव अनुज शर्मा, खेल संगठनों की ओर से कोच हार्दिक कुरवाड़ा, प्रदीप पंवार, कमल नयन व्यास, दुर्गाशंकर मोयल, देवराज यादव, निखिल मिश्रा, राहुल श्रीवास्तव, रितेश वोहरा, भूषण व्यास, नितिन राठौ? आदि उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति पर सम्मान कर दी शिक्षिका विदाई

आलोट। राम सिंह दरबार परिसर स्थित भादवा माता मंदिर में शिक्षिका श्रीमती पुष्प लता व्यास के 34 वर्ष पूर्ण कर सेवा निवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। शिक्षिका ने लगभग 32 वर्ष की सेवा विक्रमगढ़ हाई स्कूल में प्राइमरी विभाग में दी है। इस अवसर पर सामाजिक संगठन संस्था द्वारा साल एवं श्रीफल से अभिनंदन किया। शिक्षक साथियों की ओर से श्रीमती पुष्पलता व्यास का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर सलीम खान, श्रवणसिंह सोलंकी, विनोद सिसोदिया, हेमेंद्र निगम, कपिलेंद्र निगम, लक्ष्मण कटारा, राजेश जोशी, महेंद्रसिंह सोलंकी, महेश टांक आदि ने अपने विचार रखें। संचालन आनंद चावला ने किया।

आज कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

आलोट। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर का विरोध कर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी रतलाम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आलोट और समस्त कांग्रेस के संगठनों द्वारा अलग-अलग दिनांक में ज्ञापन दिया जा रहा है इसी को लेकर हम सभी कार्यकर्ताओं को भी आलोट में भी अनुभाग्य अधिकारी को एक ज्ञापन जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष व कांग्रेस के सचेतक वीरेंद्र सिंह सोलंकी भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि कांग्रेसजन, सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, महिला, एनएसयूआई, युवक कांग्रेस, सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और सभी आमजन कांग्रेस कार्यकर्ता विशाल चल समारोह में उपस्थित होकर सोमवार को ज्ञापन सौंपेगे। एफआईआर निरस्त करने हेतु कारगिल चौराहे से अनुभाग्य अधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला जाएगा। और ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि 7 जुलाई तक एफआईआर निरस्त नहीं की गई तो 8 जुलाई को एसपी अशोकनगर का घेराव किया जाएगा।

क्लब 11 अवार्ड से सम्मानित

रतलाम। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर योगेंद्र रुनवाल द्वारा निर्धारित 52 सप्ताह 52 सेवा गतिविधियों के अंतर्गत लायंस क्लब रतलाम समर्पण द्वारा अध्यक्ष अनीता झालीवाल के नेतृत्व में वर्ष भर में कुल 186 गतिविधियां आयोजित की गई। जोधपुर में आयोजित आठवीं वार्षिक मल्टीपल कन्वेंशन में लायंस क्लब रतलाम समर्पण को श्रेष्ठ वरिष्ठ नागरिक सेवा सम्मान एवं क्लब का सिग्नेचर प्रोजेक्ट जल संरक्षण एवं उल्लेखनीय स्क्रैपबुक हेतु जोधपुर में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सहित 11 अवार्ड से सम्मानित किया गया। सेवा सप्ताह में आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए इंदौर में अति सर्वश्रेष्ठ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। डिस्ट्रिक्ट के टॉप 10 क्लबो में लायंस क्लब रतलाम समर्पण का विशेष स्थान रहा। अप्रैल में आयोजित रीजन कॉन्फ्रेंस साक्षी में रीजन चेयरपर्सन प्रबोध मोदी द्वारा पेटलावद में भी लायंस क्लब रतलाम समर्पण को सर्वश्रेष्ठ क्लब घोषित किया। सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष अनिता झालीवाल, सर्वश्रेष्ठ सचिव सविता तिवारी, सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष विनीता नागोरिया को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। लायंस क्लब समर्पण द्वारा संचालक मंडल की बैठक एवं साधारण सभा का आयोजन होटल श्री पैलेस पर आयोजित कर क्लब अध्यक्ष अनीता झालीवाल ने अपने उद्बोधन में वर्ष भर की गई सेवा गतिविधियों का संक्षिप्त में विवरण दिया एवं क्लब को मिले अवार्ड से सदन को अवगत कराया। एडिशनल कैबिनेट सेक्रेटरी एमजेएफ वीणा छाजेड ने अपनी बात रखी। एमजेएफ यास्मीन शेरनी, प्रेमलता दवे द्वारा भी सेवा कार्यो की प्रशंसा की। मनोरंजन गेम अंताक्षरी और हाउजी खेलकर सभी ने आनंद उठाया। क्लब अध्यक्ष अनीता झालीवाल गिफ्ट भेंट किए।

रतलाम भारत का लघु रूप,यहां पंजाबी उत्साह,राजस्थानी संस्कृति

नवभारत न्यूज

रतलाम। भारत-भारती द्वारा राष्ट्रीय एकता संगोष्ठी ने का आयोजन स्वाद एवेन्यू एक्सोटिका में किया। इस आयोजन ने विविधता में एकता के सजीव दर्शन कराए

राष्ट्रीय एकता संगोष्ठी 2025 में विविधता में एकता का संकल्प

और एक नए सामाजिक संवाद की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि भारत-भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष विनय पत्राले थे। श्री पत्राले ने कहा कि यह संगोष्ठी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है। हम रतलाम को भारत का लघु रूप मानते हैं, यहां

पंजाब का उत्साह, बंगाल की संवेदनशीलता, राजस्थान की सांस्कृतिक गरिमा और दक्षिण भारत की व्यावहारिकता एक साथ साकार हो रही हैं। भारत-भारती संगम था। मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद करती हूँ कि आपने इस एकता के पर्व को अपनी उपस्थिति से सार्थक बनाया। आयोजन समिति में विक्रम चौधरी, राकेश यादव, राहुल सक्सेना, श्रीमती विम्पी छाबड़ा, प्रवीण दवेसर, हितेश पाठक, श्रीमती किरण दीक्षित, विशाल चतुर्वेदी, श्रीमती मीनाक्षी मलिक सहित अन्य गणमान्य ने सक्रिय योगदान दिया। संचालन रविन्द्र उपाध्याय ने किया।

लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में भारत-भारती की ओर से यह संकल्प लिया गया कि आगामी वर्षों में ऐसे और संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि रतलाम जैसे शहर राष्ट्रीय एकता के आदर्श बन सकें।

इसी भावना को सुदृढ़ करने का माध्यम है। आयोजन में गुस्ताख अंकलेसरिया ने कहा कि आज जब देश विविधता की चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में यह एकता संगोष्ठी समाज में संवाद, सहिष्णुता और सशक्तिकरण का मंत्र लेकर आई है। अध्यक्ष कमल वसले ने अपनी बात रखी। अंत में अदिति दवेसर ने कहा कि यह केवल एक मंच नहीं था, यह हमारी भावनाओं का

आयोजन समिति घोषित

एडवोकेट श्रीमती अदिति दवेसर को रतलाम संयोजक नियुक्त किया गया। प्रवीण रामावत को सह-संयोजक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई।

लेखा कर्मचारियों को दी संगठन की गतिविधियों की जानकारी

नवभारत न्यूज

रतलाम। ऑल इंडिया रेलवे अकाउंटस स्टाफ एसोसिएशन के कम्युनिकेशन सेक्रेटरी एवं सेवानिवृत्ति सीनियर सेक्शन ऑफिसर लेखा प्रकाश चंद्र व्यास

भुगतान के आदेश जारी नहीं करने से संगठन में रेलवे बोर्ड के प्रति रोष

ने अहमदाबाद मंडल के दौरे के दौरान रोकड़ एवं भुगतान कार्यालय तथा लेखा कर्मचारियों से मुलाकात कर संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी।

उन्होंने सभी को संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करने का आह्वान किया। आपने कहा कि संगठन लगातार महामंत्री रेजी जॉर्ज एवं अध्यक्ष पार्थ पी भट्टाचार्य के नेतृत्व में रेलवे बोर्ड से सतत् लेखाकर्मियों की समस्याओं को लेकर चर्चारत है। वर्तमान में संगठन पांचवें वेतन आयोग के एरियर के भुगतान को लेकर ठोस एवं निर्णायक कार्रवाई करने के लिए तैयार है। श्री व्यास ने बताया कि हाई कोर्ट के निर्णय के पश्चात भी रेलवे बोर्ड द्वारा अभी तक भुगतान के आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे संगठन में रेलवे बोर्ड के प्रति गहरा रोष है। आपने बताया कि आर्बिट्रेशन अवार्ड नंबर 3/2001 जिसको लेकर एनजेसीएम 2023 में भी सहमति बन चुकी है लेकिन अभी भी सेंट्रल सेक्रेट्री केडर लेवल के वेतनमान नहीं दिए जा रहे हैं जिसको लेकर जे एस सी ज्वाइंट एक्शन कमेटी आगामी दोनों में कोई निर्णय लेगी।आपने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संगठन के आप सदस्यता ग्रहण करें और नए जितने भी रिक्रूटमेंट हो रहे हैं उन्हें संगठन के प्रति संगठन की जानकारी दें। इस अवसर पर रोकड़ भुगतान कार्यालय के डिविजनल पे मास्टर अनिल सूरवड़े, डिविजनल केशियर केश गजेंद्र सोती, वरिष्ठ खजांची दिनेश गुप्ता ने श्री व्यास का स्वागत किया।

20 साल बाद वार्ड 12 में नाली निर्माण शुरू

नवभारत न्यूज

सैलाना। नगर के वार्ड 12 में 20 साल बाद नाली निर्माण का कार्य शुरू हुआ है। नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला की पहल पर यह काम निकाय निधि से कराया जा रहा है। निर्माण पर पांच लाख रुपये खर्च होंगे। शुक्ला ने बताया कि वार्ड 12 की पार्षद आशा कसेरा और रहवासियों की लंबे समय से मांग थी। इसी के चलते निकाय निधि से काम शुरू किया गया है। जल्द ही निर्माण पूरा होगा।

वार्ड के नागरिक शब्बीर भाई बोहरा और संजय ग्वाले ने बताया कि पुरानी नाली पूरी तरह से टूट चुकी थी। गंदा पानी सड़क पर बह रहा था। इसको लेकर पार्षद कसेरा और अध्यक्ष शुक्ला से शिकायत की गई थी। दोनों जनप्रतिनिधियों ने गंभीरता दिखाई और काम शुरू कराया। अब वार्ड के लोगों को राहत मिलेगी।

वार्ड 12 की भाजपा पार्षद आशा कसेरा ने बताया कि नाली को लेकर वार्ड के नागरिकों की शिकायत मिल रही थी, जिस नप अध्यक्ष को अवगत करवाया था जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान में लेते हुए निर्माण कार्य शुरू करवाया।इस निर्माण के बाद पार्षद व रहवासियों ने शुक्ला की प्रशंसा की। अध्यक्ष शुक्ला ने कहा कि बारिश के बाद ऐसी ही अन्य क्षतिग्रस्त नालियों को भी चिन्हित कर निर्माण कराया जाएगा।

रतलाम महिलाकर्मियों ने दी भोपाल में प्रस्तुति

रतलाम। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अवॉर्ड स्टाफ एम्प्लॉइज यूनियन का प्रथम महिला सम्मेलन भोपाल में आयोजित हुआ। सम्मेलन में रतलाम शाखा की महिलाकर्मियों अर्पिता परिहार, आशिता सेठिया, अदिति स्टीफन, किरण पालीवाल, तरुणा ललवानी एवं लक्ष्मी पाटीदार ने जय हो गीत पर शानदार प्रस्तुति दी, जिसे खूब सराहा गया। क्षेत्रीय प्रबंधक रत्नेश सिंघई के आतिथ्य में लौटने पर सभी महिलाकर्मियों का उत्सावर्धन करते हुए सम्मान किया। सिल्वर मेडल विजेता नम्रता शुक्ला को भी विशेष सम्मान मिला। अमित शुक्ला, हरेंद्र सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे। संचालन सतीश भावे ने किया।

सीए फाइनल, इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित

नवभारत न्यूज

रतलाम। दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित मई 2025 की सीए फाइनल, इंटरमीडिएट एवं फाउंडेशन परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। रतलाम शाखा अध्यक्ष सीए मोहित श्रीमाल एवं सचिव सीए शगुन बड़जात्या ने बताया कि विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल परीक्षा में राशि पाटीदार, इंटरमीडिएट परीक्षा में हिमांशु कटारिया एवं फाउंडेशन परीक्षा में कविश माहेश्वरी ने रतलाम सेंटर पर टॉप किया।

फाइनल परीक्षा में राशि पाटीदार, रिया राठौर, अनुराग जैन, प्रांजल मालवी, इशिका पोरवाल एवं अखिलेश पाटीदार ने दोनों ग्रुप व मोनिष्का दुबे, भाग्यश्री कुदार, शिवानी चौरड़िया एवं कृष्णपाल सिंह सिसोदिया पास हुए। इंटरमीडिएट परीक्षा में हिमांशु कटारिया ने, सौम्य जैन, सार्थक पाटिल, प्रक्षाल टेटेड एवं दक्ष बोकड़िया ने दोनों ग्रुप पास किए। प्रियेश पालीवाल एवं अलविना खान ने एक ग्रुप पास किया। फाउंडेशन परीक्षा में कविश माहेश्वरी, आयुष्मान राठौर एवं देव ननेरा ने सफलता प्राप्त की। आकाश मित्तल, दिपेश जैन, यश जैन ने बताया कि परिणाम विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, उनके परिवारों के सहयोग एवं संस्थान के मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

नेत्रम संस्था के प्रयास से तीन परिवारों के नेत्रदान,6 नेत्रहीनों को मिलेगा रोशनी

नवभारत न्यूज

रतलाम। नेत्रम संस्था के सतत प्रयासों के फलस्वरूप रतलाम शहर में तीन नेत्रदान हुए। अब छह दृष्टिहीन व्यक्तियों को रोशनी मिलेगी।

पहला नेत्रदान जवाहर नगर निवासी श्रीमती मालती करंदीकर के निधन उपरांत उनके परिजनों ने समाजसेवियों सुशील मीनू माथुर, वीरेंद्र कुलकर्णी, भूषण बर्वे, किशोर दत्ता की प्रेरणा से नेत्रदान का निर्णय लिया। प्रक्रिया डॉ. जीएल ददरवाल, मनीष तलाच ने पूरी की। दूसरा नेत्रदान सीतला माता गली निवासी कुमारपाल पारख के निधन पर परिजनों ने सुरेन्द्र मेहता, शैलेन्द्र अग्रवाल, नीलेश गोधा की प्रेरणा से नेत्रदान किया। मेडिकल कालेज के राजवंतसिंह एवं भावना खन्ना की टीम ने नेत्रदान सम्पन्न किया। तीसरा नेत्रदान सैलाना रोड निवासी श्रीमती पुष्पाबाई राठौड़ के निधन के बाद पुत्र दीपक राठौड़ ने गोपाल राठौड़ पतरा वाला की प्रेरणा से नेत्रदान हेतु सहमति दी। प्रक्रिया डॉ. ददरवाल एवं मनीष तलाच द्वारा सम्पन्न की गई। तीनों नेत्रदानों के समय नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत, नवनीत मेहता, ओमप्रकाश अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, शीतल भंसाली, भगवान ढलवानी, गिरधारीलाल वर्धानी, सुशील माथुर, प्रशांत व्यास,गोपाल राठौड़ पतरा वाला छितिज माथुर रविन्द्र यादव, विक्रम राठौड़ सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

मानवहित में हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए : डीआरएम कुमार

नवभारत न्यूज

रतलाम। व्यक्ति को मानवहित में रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी की तकलीफों को दूर कर सके। रक्तदान के लिए अभी भी कुछ लोगों के मन मे कई भ्रांतीया है

स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर संपन्न

उसको हमें दूर करना होगा।

उक्त विचार मंडल रेल प्रबंधक अश्विन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के स्थापना दिवस पर रतलाम इकाई द्वारा मानव सेवा समिति में आयोजित रक्तदान शिविर के अवसर पर व्यक्त किए।

जिला अध्यक्ष वरुण पोरवाल ने कहा की संस्था वैश्यजन के सहयोग के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। मानव सेवा को लेकर रतलाम इकाई का यह पहला प्रयास सार्थक रहा। रतलाम की प्रगति मे वैश्यजन हमेशा से सहयोग करते आ रहे है ओर आगे भी करेंगे।

इस अवसर पर फेडरेशन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप धारिया ने कहा की पूरे देश में रक्तदान फेडरेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर हो रहे है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में यह मानव सेवा का अनुकरणीय कार्य हो रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने कहा की यह संगठन सेवा के भाव से सदियों से चला आ रहा है।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वालित कर माल्यार्पण किया गया , उसके बाद आये हुए अतिथियों का ऐवं रक्तदाताओं का फैडरेशन द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय जैन, डॉ. बीएल तापड़िया, उद्योगपति वीरेंद्र पोरवाल, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, समाजसेवी गोविंद काकानी ने भी सम्बोधित करते हुए अपने बात रखी। संस्था के बंसीलाल मजावदिया, जयवंत कोठारी, राजेश महेश्वरी, श्रीकांत डोसी, दिलीप मेहता, विशाल डांगी, निलेश बाफना,मयूर पितलिया ,विवेक अग्रवाल, धर्मेंद्र माहेश्वरी, सुरेश बाहेती, विशाल गांधी, राज पोरवाल, रिषभ पोरवाल, रमेश सोनी, आदि उपस्थित रहे।

31 यूनिट रक्त एकत्रित

रक्तदान शिविर में कुल 31 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर एक पिता पुत्र ने एक साथ ओर एक दिव्यांगजन मुकेश भागोरा ने भी उत्साह के साथ रक्तदान कर मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन संजय बाफना ने किया एवं आभार निलेश लड्ढा ने माना।

श्री जैन दिवाकर बहुमंडल ने निकाली धार्मिक यात्रा

जावरा। श्री जैन दिवाकर बहु मंडल के द्वारा एक दिवसीय धार्मिक एवं मनोरंजन यात्रा का आयोजन करा। मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका जैन ने बताया कि मंडल की सदस्यों के साथ पिपलिया मंडी में साध्वी रमणीक कुंवर आदि 4 के मंगल प्रवेश में शामिल होकर बही पार्श्वनाथ, पशुपतिनाथ, श्रीआर्य रक्षित उवहस्सगरम पार्श्वनाथ मंदिर के दर्शन वंदन कर दलोदा पंहुचे। इस अवसर पर बहुमंडल की सदस्यों ने देव गुरु दर्शन उत्साह व आनंद के साथ किया। इस यात्रा में चित्रा ओस्तवाल, उषा कोचट्टा, नेहा संघवी, अलका तांतेड़, माया लूनिया, हंसा सुराणा, निता पटवा, शिल्पा दुग्गड, अक्षिता नांदेचा, गरिमा चोरड़िया, रीना हिंगड, विधिका कोचट्टा शामिल हुए। मंडल की सचिव गरिमा जैन ने सभी का आभार माना।

भूतेड़ा से हिंगलाज माता मंदिर तक बनने वाली सड़क का विरोध

जावरा। जावरा उज्जैन नया निर्मित होने वाले ग्रीन फिल्ड फोर लेन रोड पर भूतेड़ा से हिंगलाज माता मंदिर तक के प्रभावित किसान व्यापारियों की बैठक धाकड़ चौराहा पर गोपाल के यहा हुई हैं और सबने मिलकर इस रोड का विरोध करने का निर्णय लिया हैं। बैठक में लालाखेड़ा धाकड़ चौराहा के प्रभावित व्यापारियों और किसानो ने आगे लगातार विरोध जारी करने का निर्णय लिया हैं। किसानों ने कहा कि किसी भी हाल मे हम ग्रीन फिल्ड हाईवे नहीं बनने देने का निर्णय लिया हैं।

जयंती भाजपा के पितृपुरुष पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती नगर मंडल जावरा में मनाई

भाजपा के पितृपुरुष की जयंती पर किया पौधारोपण

जावरा। जहाँ बलिदान हुए मुखर्जी वह कश्मीर हमारा हैं के नारों के साथ भारतीय जनसंघ के सस्थांपक व भाजपा के पितृपुरुष पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जावरा द्वारा स्थानीय इकबाल गंज मेला मैदान पर मनाई गई।

मिडिया प्रभारी संदीप रांका ने बताया कि सर्वप्रथम पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कि इस मौके पर पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर महावार ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुआ कहा की देश की आजादी के बाद डॉ. मुखर्जी पहले शहीद व्यक्ति थे। उन्होंने तात्कालिन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार में केन्द्रीय मंत्री होते हुए सरकार की कश्मीर विरोधी निती का विरोध करते हुए एक देश दो निशान दो प्रधान का विरोध करते हुए आंदोलन किया व मंत्री पद छोड़ दिया, इस दोरान उन्हें गिरफ्तार किया गया जहाँ जेल में ही रहस्यमयी तरीके से मुखर्जी की मौत हो गई थी, उनके द्वारा जो अलख जगाया था वह अलख आज भारतीय जनता पार्टी के रूप मे विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी के रुप में है हम सब उसके कार्यकर्ता हैं।

एक पौधा मां के नाम के तहत किया पौधारोपण - भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जावरा द्वारा पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि के पश्चात एक पौधा मां के नाम पर पौधारोपण इकबाल गंज मैला मैदान पर किया गया हैं। इस दोरान नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अभय कोठारी, महामंत्री अनिल धारीवाल, मनीष ऊटवॉल के साथ सुरेश चोरड़िया, अजय सकलेचा, शरद डुंगरवाल, यश सकलेचा, घनश्याम सोलंकी, तेजसिंह कदम, रजत सोनी, अनिल मोदी, सोनु यादव, चंद्रप्रकाश सोलंकी, पंकज काठेंड, मोतीलाल यादव, महेंद्र चौहान, आकाश जैन, ओमप्रकाश यादव, सुभाष टुकड़िया, वीरेंद्र सिंह चौहान, शरीफ कुरेशी, आसिफ मिर्जा, अफाक अहमद, अनिल त्रिवेदी, विशाल मेहता, विनोद चौरसिया, शकील खान, योगेश यादव, गोविन्द यादव आदि उपस्थित थे। संचालन महामंत्री अनिल धारीवाल ने किया। आभार महामंत्री मनीष ऊंटवाल ने माना।

जावरा के साथ प्रदेश के हजारों लोगों को नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ : दसेड़ा

जावरा। सबका साथ सबका विकास सबका मान सबका सम्मान के नारे को सार्थक करते हुवे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूर्व परिषद के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जावरा शहर में 2000 से अधिक मकान बनाने के साथ साथ पूरे प्रदेश में लाखों आवास का निर्माण कर प्रत्येक व्यक्ति के पक्का मकान हो इस सपने को पूरा करने का सार्थक प्रयास किया। लेकिन वर्तमान में इस योजना का लाभ प्रदेश के कई लोगों को नहीं मिल पा रहा हैं।

यह बात पूर्व नपाध्यक्ष अनिल दसेड़ा ने यहां जारी एक बयान में कहीं हैं। दसेड़ा बताया कि इस वर्ष के बजट में पुन: प्रधानमंत्री आवास योजना भाग 2 प्रारंभ करी इस योजना के अंदर जावरा नगर पालिका में 300 आवेदन आन लाइन जमा हुवे नगर पालिका अधिकारियों द्वारा मात्र 50 आवेदन ही जांच में पात्र किए और 52 आवेदन जो पात्र तो हे लेकिन नियमों का हवाला देकर अपात्र कर दिए जबकि शासन की जो गाइड लाइन हे उसमें वह आवेदन पात्र की श्रेणी में आते हैं। आवेदन अपात्र करने का कारण बताया की आवेदक के पास रजिस्ट्री नहीं हैं सिर्फ नगर पालिका राजस्व विभाग का भवन स्वामी का प्रमाण पत्र है टैक्स की रशीद है इसलिए आवेदन अपात्र किया जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना भाग 2 की नियमावली में कंडिका 319 में स्पष्ट लिखा हे की आवेदक भवन की रजिस्ट्री पट्टा भू अधिकार पत्र या भूमि स्वामी संबंधित स्पष्ट दस्तावेज जो राजस्व विभाग द्वारा मान्य किए जाते हो पैतृक संपति हो तो राजस्व विभाग का नामांतरण प्रमाण पत्र हो तो ही आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त कर सकता हे लेकिन जावरा सहित प्रदेश की कई नगर पालिकाओं में आवास योजना के पात्र हजारों हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं।